जनता से रिश्ता
www.jantaserishta.com

# एंकर कंपनी के नकली इलेक्ट्रिक उत्पाद बेचने वाला सुंदरानी इलेक्ट्रिकल का संचालक गिरफ्तार



Raipur. रायपुर। राजधानी रायपुर के तेलीबांधा इलाके में नकली विद्युत उपकरण बेचने का मामला उजागर हुआ है। पुलिस ने सुंदरानी इलेक्ट्रिकल नामक दुकान से एंकर कंपनी के नकली इलेक्ट्रिक सामान बरामद किए हैं। इस मामले में दुकान संचालक ओमप्रकाश सुंदरानी (42 वर्ष) निवासी आनंद नगर, तेलीबांधा को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 63 कॉपीराइट एक्ट और धारा 349 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

**Source:** [https://jantaserishta.com/local/chhattisgarh/operator-of-sundarani-electrical-arrested-for-selling-fake-electric-products-of-anchor-company-4233217](https://jantaserishta.com/local/chhattisgarh/operator-of-sundarani-electrical-arrested-for-selling-fake-electric-products-of-anchor-company-4233217)